संख्या-9/2015/930/57-2015-51(जी)/2013टी0सी0-2

प्रेषक,

श्री नवनीत सहगल,
प्रमुख सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
उ0 प्र0 पर्यटन निदेशालय,
लखनऊ।

धर्मार्थ कार्य अनुभाग लखनऊ दिनांक: 16 सितम्बर, 2015

विषय: भारतीय रेल के आई0आर0सी0टी0सी0 के सहयोग से प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को तिरूपति (आन्ध्रप्रदेश) एवं रामेश्वरम् (तमिलनाडु) की नि:शुल्क यात्रा कराये जाने हेतु वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन की विज्ञप्ति/प्रकीर्ण संख्या- 08/2015/909/2015/57-2015-51(जी)/2013 दिनांक:10 सितम्बर 2015 एवं तद् विषयक मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, आई0आर0सी0टी0सी0, लखनऊ के पत्र संख्या-2013/IRCTC/RO/LKO/TOUR/UPG दिनांक:31-07-2015 व 28-08-2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2015-16 में आई0आर0सी0टी0सी0 के सहयोग से प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को तिरूपति (आन्ध्रप्रदेश) एवं रामेश्वरम् (तमिलनाडु) की नि:शुल्क यात्रा कराये जाने हेतु रू0 1,89,79,920.00 (रू0 एक करोड नवासी लाख उन्यासी हजार नौ सौ बीस मात्र) एवं रेक रजिस्टेशन हेतु अतिरिक्त धनराशि रू0 1,80,000.00 (रू0 एक लाख अस्सी हजार मात्र) कुल रू0 01,91,59,920.00 (रू0 एक करोड़ इक्यानबे लाख, उन्सठ हजार, नौ सौ बीस मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-84 के लेखाशीर्षक-2250-अन्य सामाजिक सेवायें-101-धर्मार्थ प्रयोजन के लिये दान-05- प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थ यात्रा-42-अन्य के नामे डाला जायेगा।

यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के आदेश संख्या- 2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015 दिनांक: 30-03-2015 में प्रशासनिक विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,
नवनीत सहगल
प्रमुख सचिव।

संख्या-9/2015/930(1)/57-2015-51(जी)/2013टी0सी0-2

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, उ0 प्र0, इलाहाबाद।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

2- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5 उ0 प्र0 शासन।
3- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
4- मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, आई0आर0सी0टी0सी0, लखनऊ।
5- सामान्य प्रशासन अनुभाग, उ0 प्र0 शासन।
6- विभागीय आदेश पुस्तिका।
7- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, उ0 प्र0।
8- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
9- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
नवनीत सहगल
प्रमुख सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।